लखनऊ, 31 अगस्त, 2023 दैनिक जागरण

# प्रतियोगिताओं विद्यार्थियों की प्रतिभा दिखी

जासं, लखनऊ : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में मेरी माटी मेरा देश के तहत कई कार्यक्रम किए गए। इसमें तिरंगा रैली, पोस्टर, एकल देश भक्ति गीत गायन, निबंध , प्रभात फेरी, भाषण , रंगोली और स्लोगन प्रतियोगिता हुए। बुधवार को सभी प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया गया। कुलपति प्रो. एनबी सिंह के मार्गदर्शन में हुए कार्यक्रम में संयोजक डीन प्रो. चंदना डे, डीन एकेडमी सौबान सईद उपस्थित रहे।

## भाषा विश्वविद्यालय का रिजल्ट घोषित

जासं, लखनऊ : भाषा विश्वविद्यालय ने अगस्त में हुए स्पेशल बैक पेपर, इंप्रूवमेंट परीक्षाओं का रिजल्ट घोषित कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक डा. भावना मिश्रा ने बताया कि रिजल्ट विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड है। अभ्यर्थियों को वेबसाइट पर अपना रोल नंबर डालना होगा। इसके बाद रिजल्ट खुलेगा।

CS CamScanner

# अमृत महोत्सव प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत

लखनऊ। भाषा विश्वविद्यालय अमृत महोत्सव के अन्तर्गत मेरी माटी मेरा देश विषयक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बुधवार को प्रतियोगिताओं में पहला, दूसरा और तीसरा स्थान पाने वाले अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में प्रोफेसर चंदना डे एवं सौबा सईद, प्रो सौबान सईद, विभा सिंह समेत अन्य उपस्थित रहे।

CS CamScanner


# भाषा विवि ने सरकार से अल्पसंख्यक संस्थानों की संबद्धता का मांगा अधिकार

## एक्ट में प्रावधान का हवाला देते हुए कुलपति ने उच्च शिक्षा मंत्री को भेजा प्रस्ताव

आयुष तिवारी

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय ने सरकार से राज्य के सभी अल्पसंख्यक संस्थानों को संबद्धता का अधिकार देने की मांग की है। कुलपति ने उच्च शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर इस संबंध में प्रस्ताव सौंपा। इसमें अधिनियम का हवाला दिया गया है, जिसमें भाषा विवि को सरकार की ओर से प्राधिकृत करने पर अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थाओं को संबद्धता में सहायता देने की बात कही गई है।

वर्ष 2013 में भाषा विवि की स्थापना के समय राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 7 ख में प्रावधान किया गया था कि राज्य सरकार के प्राधिकृत करने पर विवि को प्रदेश के सभी शैक्षणिक अल्पसंख्यक संस्थाओं को संबद्धता देने का अधिकार मिल जाएगा। उस समय माना जा रहा था कि अल्पसंख्यक संस्थानों की संबद्धता अब भाषा विवि के जिम्मे आ जाएगी। शैक्षणिक अल्पसंख्यक संस्थानों को संबद्धता देने के प्रावधान का मकसद विश्वविद्यालय को आर्थिक स्तर पर सक्षम बनाना था। कुलसचिव भावना मिश्रा के मुताबिक यूनिवर्सिटी को सरकार से जो वित्तीय अनुदान मिलता है, उससे शिक्षकों का पूरा वेतन देने तक में समस्या होती है। ऐसे में अन्य खर्चे निकालने के लिए छात्रों के शुल्क का ही सहारा होता है। इस कारण कुलपति ने उच्च शिक्षा मंत्री के सामने प्रस्ताव रखा है।



### दो किस्त में मिले अनुदान

विश्वविद्यालय की ओर से मंत्री से अनुरोध किया गया कि उन्हें गैर वेतन मद से मिलने वाला अनुदान चार के बजाय दो किस्त में दिया जाए। इससे खर्च निकालने में आसानी होगी। अभी विवि को गैर वेतन मद में करीब दो करोड़ रुपये का अनुदान चार किस्त में दिया जाता है।

### ...तो इनकी मिल सकती है संबद्धता

सरकार की ओर से अल्पसंख्यक कॉलेजों की संबद्धता का अधिकार भाषा विवि को देने की अनुमति मिलने के बाद क्रिश्चियन डिग्री कॉलेज, शिया पीजी कॉलेज, आईटी कॉलेज, मुमताज कॉलेज, करामत हुसैन गर्ल्स डिग्री कॉलेज समेत शहर के कई प्रमुख शैक्षणिक संस्थान लविवि के बजाय भाषा विवि से संबद्ध हो जाएंगे।

### उच्च शिक्षा मंत्री से किया है अनुरोध

भाषा विवि को अधिनियम में प्रावधान के हिसाब से संबद्धता देन का अधिकार मिले, इसके लिए उच्च शिक्षा मंत्री से अनुरोध किया गया है। उन्हें एक प्रस्ताव भी सौंपा गया है। यह स्वीकृत होने पर विवि को राज्य स्तर पर अकादमिक पहचान मिलने के साथ ही वित्तीय मदद भी मिल पाएगी।

–प्रो. एनबी सिंह, कुलपति, भाषा विवि

www.jagran.com
दैनिक जागरण
# जोश
आगे बढ़ने का
लखनऊ, बुधवार, 30 अगस्त, 2023



केएमसी भाषा विश्वविद्यालय में खेल दिवस पर कई खेलों का आयोजन किया गया। इसमें पुश–अप्स पुरुष वर्ग प्रतियोगिता में अक्षत प्रथम, फिरस रैहान द्वितीय, संतोष कुमार तृतीय स्थान पर रहे। चिन–अप्स पुरुष वर्ग प्रतियोगिता में फारिस रैहान ने प्रथम रहे। महिला वर्ग में खेली गयी बास्केटबाल, शूटिंग में प्रीति कुमारी प्रथम, प्रियांशी यादव ने द्वितीय रहीं • सौजन्य : विश्वविद्यालय

CamScanner

लखनऊ, मंगलवार, 29 अगस्त 2023 06 हिन्दुस्तान

# रंगोली प्रतियोगिता में महविश और टीम विजयी

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में मेरी माटी मेरा देश विषय पर रंगोली प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में कुल चार समूहों में 18 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। रंगोली प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार महविश खान और उनकी टीम के अन्य सदस्यों को मिला। विजेता टीम ने रंगोली में अमृत महोत्सव के 75 वर्ष, जी 20 की अध्यक्षता, चन्द्रयान -3 को दर्शाया था।

# लिंग अनुपात में अन्तर पर शोध करेंगी डा. रुचिता



लखनऊ। भाषा विवि के पत्रकारिता एवं जन संचार विभाग में सहायक प्राध्यापक एवं विषय प्रभारी, डॉ. रुचिता सुजय चौधरी को शोध प्रोजेक्ट मिला है। आईसीएसएसआर द्वारा स्पेशल काल योजना अन्तर्गत शॉर्ट टर्म एम्पेरिकल रिसर्च प्रोजेक्ट 2023 के लिए शोध अनुदान मिला।

CamScanner

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# भाषा विश्वविद्यालय में निकाली गई प्रभात फेरी

अमृत विचार, लखनऊ : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग की ओर से आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी मेरा देश के उपलक्ष्य में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. नरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि हम सबको स्वतंत्रता सेनानियों से सीखने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. राहुल कुमार मिश्रा, सहसंयोजक डॉ. उधम सिंह, प्रॉक्टर डॉ. नीरज शुक्ला, प्रोफेसर तनवीर खदीजा, डॉ. मनीष कुमार, डॉक्टर बुशरा, डॉ. शारिक, डॉ. हारून, डॉ. मिनहाज आदि मौजूद रहे।

CamScanner


www.livehindustan.com
हिन्दुस्तान 08
लखनऊ, गुरुवार, 24 अगस्त 2023

हि. चांद पर चंद्रयान

# एआई साफ्टवेयर रहा खास: प्रो. सिंह

लखनऊ। भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एनबी सिंह ने कहा कि चंद्रयान-3 मिशन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का बड़ा योगदान रहा। एआई से बने साफ्टवेयर के माध्यम से ही सभी गतिविधियां की गई। साफ्टवेयर से लैंडिंग करने का स्थान, रफ्तार आदि तय की गई। वैज्ञानिकों ने देश का मान बढ़ाया।

CS CamScanner



भाषा विवि में शिक्षकों व छात्रों ने तालियां बजाकर जाहिर की खुशी । अमृत विचार

# भाषा विवि में शिक्षक व छात्र भी बने गवाह

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में एनएसएस और विज्ञान भारती से चंद्रयान 3 की लैंडिंग का सजीव प्रसारण किया गया।

कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में भाषा विश्वविद्यालय के अटल बिहारी बाजपेई सभागार में सजीव प्रसारण में शिक्षकों ने तालियां बजाकर खुशी जाहिर की और इसरों के वैज्ञानिकों की जमकर तारीफ की।

CamScanner

my city
अमर उजाला
amarujala.com/lucknow



# विवि और कॉलेजों में रही स्वतंत्रता दिवस की धूम




लखनऊ। स्वतंत्रता दिवस पर लविवि में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने झंडारोहरण किया। भाषा विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, नेशनल पीजी कॉलेज, कालीचरण कॉलेज, अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज, कृष्णा देवी कन्या महाविद्यालय, नवयुग, एपी सेन, महिला डिग्री कॉलेज व नारी शिक्षा निकेतन कॉलेज में भी जश्न मना। एकेटीयू में कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने ध्वजारोहण किया। जानकीपुरम विस्तार में तिरंगा यात्रा भी निकाली गई। आईआईएम रोड स्थित सुभाष चंद्र बोस इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, लखनऊ पब्लिक कॉलेजिएट, बीबीएयू, पायनियर, सेंट जोसेफ स्कूल, एसकेडी, डीपीएस व सेंट मीरा पब्लिक इंटर कॉलेज सरोजनीनगर में भी आयोजन हुए। (माई सिटी रिपोर्टर)

लखनऊ | शनिवार • 12.08.2023

my city अमरउजाला amarujala.com/lucknow 7

## डॉ. मुशीर को राष्ट्र गौरव सम्मान

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि के व्यवसाय प्रशासन विभाग के शिक्षक डॉ. मुशीर अहमद को राष्ट्र गौरव अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार ने दृष्टिहीन छात्रों को व्यवसाय प्रशासन की शिक्षा देकर मुख्यधारा में लाने के लिए दिया। डॉ. मुशीर ने व्यवसाय प्रशासन विभाग में बड़े स्तर पर शोध किया है। उनके लिखे लेख राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स में प्रकाशित हुए हैं। वहीं, दूसरी ओर विवि में शुक्रवार को भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र की ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई। इसमें कुलपति प्रो. एनबी सिंह व केंद्र के सदस्य कुलपति महाराजा गंगा सिंह विवि बीकानेर प्रो. मनोज दीक्षित ने भारतीय ज्ञान के चिंतकों और ग्रंथों के अनुसंधान पर विचार व्यक्त किए। (संवाद)

# भाषा विवि : स्टूडेंट पॉलिसी सहित कई नीतियों पर लगेगी मुहर

### 14 को कार्यपरिषद की बैठक में लिया जाएगा निर्णय

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि में 14 अगस्त को 29वीं कार्यपरिषद की बैठक प्रस्तावित है। इसमें विवि में स्टूडेंट काउंसिल पॉलिसी के अनुमोदन समेत कई नीतियों पर मुहर लग सकती है। बैठक सुबह 11 बजे से विवि के प्रशासनिक भवन में होगी।

एक ओर जहां राज्य विश्वविद्यालयों में छात्रसंघों के बाद विद्यार्थियों का प्रतिनिधित्व समाप्त होता जा रहा है, वहीं दूसरी ओर भाषा विवि अपने छात्रों के लिए स्टूडेंट काउंसिल पॉलिसी ला रहा है। यह छात्रहित में अच्छी पहल साबित हो सकती है। बता दें कि लविवि सहित अन्य विवि में भी छात्रहित की समान पॉलिसी बनी हैं। ऐसे में भाषा विवि की यह पॉलिसी कितनी अलग होगी, इसका पता पॉलिसी घोषित होने के बाद ही चलेगा। भाषा विवि में गत माह में कई शिक्षकों का चयन दूसरे विश्वविद्यालयों में हो गया है। ऐसे में इनके असाधारण अवकाश पर स्वीकृति का प्रस्ताव भी कार्यपरिषद में अनुमोदन के लिए रखा जाएगा। इसके अलावा प्रशासनिक जांच समितियों की रिपोर्ट सहित अन्य बिंदुओं को भी बैठक में शामिल किया जा सकता है।

### इन नीतियों पर लगेगी मुहर

▪ स्टूडेंट काउंसिल पॉलिसी ▪ इंटिलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स (आईपीआर) पॉलिसी ▪ ई-वेस्ट मैनेजमेंट पॉलिसी ▪ बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट पॉलिसी ▪ रिसोर्स मोबलाइजेशन पॉलिसी ▪ लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट पॉलिसी ▪ मैनुअल मेंटेनेंस पॉलिसी

CamScanner

Hindustan Times | UTTAR PRADESH
LUCKNOW
WEDNESDAY
AUGUST 09, 2023

# KMC to start BA-LLB, LLB courses from this session

**LUCKNOW:** The Bar Council of India has given its consent to the Khwaja Moinuddin Chishti Language University to start the five-year BA-LLB and three-year LLB courses. There will be 60 seats in each of the courses. The dean, faculty of legal studies, Prof Masood Alam, said that for many years, students were demanding that BA-LLB and LLB courses be started. All interested candidates can register by visiting the admission portal. For BA-LLB, candidates (General) are required to pass Class 12th with 45% marks. HTC

CamScanner

# भाषा विवि में अब एलएलबी, एलएलबी ऑनर्स की भी पढ़ाई

## बार काउंसिल ऑफ इंडिया से दोनों कोर्स चलाने की मिली अनुमति

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में विद्यार्थी अब सामान्य पाठ्यक्रमों के साथ एलएलबी और एलएलबी ऑनर्स की भी पढ़ाई कर सकेंगे। वर्तमान सत्र से विवि में दोनों पाठ्यक्रमों के संचालन को बार काउंसिल ऑफ इंडिया से अनुमति मिल गई है। इनमें दाखिले के लिए अभ्यर्थी आज से ही आवेदन कर सकेंगे।

विश्वविद्यालय के प्रवेश समन्वयक प्रो. हैदर अली ने बताया कि अभ्यर्थी एलएलबी और बीए-एलएलबी कोर्स में प्रवेश के लिए 16 अगस्त तक विवि की वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। दाखिला मेरिट के आधार पर दिया जाएगा। आवेदन तिथि समाप्त होते ही पहली मेरिट सूची जारी कर दी जाएगी, जिससे प्रवेश प्रक्रिया समय पर पूरी की जा सके। विश्वविद्यालय में पाठ्यक्रम चलाने की अनुमति मिलने के बाद इनमें पढ़ाने के लिए शिक्षकों के चयन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

भाषा विश्वविद्यालय की प्रवक्ता डॉ. रुचिता चौधरी ने बताया कि दोनों पाठ्यक्रमों में 60-60 सीटें होंगी। एलएलबी तीन वर्ष की फीस 30,050 रुपये प्रतिवर्ष होगी। बीए-एलएलबी की फीस 54,100 रुपये प्रतिवर्ष होगी। फीस ऑनलाइन चालान के माध्यम से जमा करनी होगी।

### आज से आवेदन शुरू



16 अगस्त तक विवि की वेबसाइट पर कर सकेंगे आवेदन

- 60-60 सीटें हैं एलएलबी और बीए-एलएलबी में
- 30,050 रुपये सालाना एलएलबी तीन वर्ष की फीस
- 54,100 रुपये प्रतिवर्ष होगी बीए-एलएलबी की फीस

### अभी नहीं शुरू हो पाएगी फार्मेसी की पढ़ाई

भाषा विश्वविद्यालय ने वर्तमान सत्र में फार्मेसी की पढ़ाई की अनुमति के लिए भी आवेदन किया था। हालांकि, विवि के मानक पूरे न होने से फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया ने कोर्स चलाने की मंजूरी देने से इनकार करते हुए मानकों को पूरा कर मान्यता के लिए दोबारा आवेदन करने का सुझाव दिया है। विवि को फार्मेसी कोर्स चालू करने के लिए अभी इंतजार करना होगा।


### विवि को मिलेगी नई पहचान

"विश्वविद्यालय की लॉ फैकल्टी में एलएलएम कोर्स पहले से चल रहा है। अब इसे एलएलबी कोर्स के संचालन की भी अनुमति मिल गई है। विवि की पढ़ाई शुरू होने से विश्वविद्यालय को नई पहचान मिलेगी। -प्रो. एनबी सिंह कुलपति भाषा विवि

लखनऊ, 3 अगस्त, 2023 दैनिक जागरण

# एबीसी में सुरक्षित रहेंगे विद्यार्थियों के अंक, डिग्री पूरी करने में नई सुविधा

जागरण संवाददाता, लखनऊः राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को मल्टीपल एंट्री और मल्टीपल एग्जिट की सुविधा दी गई है। यानी में इसमें छात्र-छात्राओं के पास यह सुविधा रहेगी कि अगर वह बीच में अपनी डिग्री किसी कारण से पूरी नहीं कर पाते हैं तो उनके अर्जित कोर्स और उसके अंक बेकार नहीं होंगे। वह आगे अपनी सहूलियत के अनुसार अपनी अधूरी डिग्री को पूरा कर सकेंगे। ऐसे में विद्यार्थियों के अंक को सुरक्षित रखने के लिए एबीसी (एकेडमिक बैंक आफ क्रेडिट) खोला गया है। यह एक तरह से अकादमिक बैंक है, इसमें सभी विश्वविद्यालय छात्रों का पंजीयन कराकर उनकी मार्कशीट को अपलोड करा रहे हैं।



बीबीएयू, केएमसी भाषा विश्वविद्यालय, लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय और एकेटीयू के विद्यार्थियों का कराया जा रहा है पंजीकरण

बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय (बीबीएयू) ने इस साल के अंत तक शतप्रतिशत छात्रों के एबीसी आइडी खोलने का लक्ष्य बनाया है। केएमसी भाषा विश्वविद्यालय, डा. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय (एकेटीयू) और डा. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय भी एबीसी पर छात्रों का पंजीयन करा रहे हैं। बीबीएयू के कुलपति प्रो. संजय सिंह का कहना है कि अभी तक तीन हजार एबीसी आइडी बनाई गई है। इसके माध्यम से छात्र- छात्राओं की मार्कशीट को पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। एबीसी एक तरह से वर्चुअल डिजिटल स्टोर हाउस है। छात्र- छात्राएं अपने अध्ययन के दौरान जो भी क्रेडिट प्राप्त करेंगे, वह सभी यहां सुरक्षित रहेगा। छात्र अगर मूक्स और स्वयं जैसे पोर्टल से आनलाइन कोई कोर्स करते हैं तो उसका भी क्रेडिट इसमें रहेगा।

CamScanner

लखनऊ, 1 अगस्त, 2023 दैनिक जागरण III

# भाषा विश्वविद्यालय ने एआइ पर लिखी पुस्तक

**लखनऊ :** केएमसी भाषा विश्वविद्यालय में कंप्यूटर साइंस और अभियांत्रिकी के डा. सुमन कुमार मिश्र ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की अवधारणा और दृष्टिकोण पुस्तक का अनुवाद किया है। नई शिक्षा नीति की तीसरी वर्षगांठ पर नई दिल्ली में आयोजित अखिल भारतीय शिक्षा समागम में प्रधानमंत्री ने 100 पुस्तकों का विमोचन किया था। उसमें एक पुस्तक डा. सुमन की अनुवादित भी शामिल रही। कुलपति प्रो. एनबी सिंह ने इसके लिए उन्हें बधाई दी है। कहा कि भाषा विश्वविद्यालय होने की वजह से तकनीकी विषयों पर अनुवाद की प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी। (जासं)

CamScanner